प्रेषक,

हिमांशु दयाल श्रीवास्तव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ०टी०सी०-प्रथम),
सिद्धार्थनगर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सिद्धार्थनगर।

विषयः- <u>पैतृक मकान में उत्तराधिकार में प्राप्त अंश को विक्रय करने हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे पिता स्व० डॉ० हरगोविन्द दयाल श्रीवास्तव, (अवकाश प्राप्त रीडर, डी०वी० स्नातकोत्तर महोविद्यालय उरई, जालौन) तथा माता डॉ० श्रीमती शारदा श्रीवास्तव (अवकाश प्राप्त रीडर, डी०वी० स्नातकोत्तर महाविद्यालय उरई, जालौन) द्वारा संयुक्त रूप से मुहल्ला हजारीपुर उरई, जिला- जालौन में प्लाट खरीदकर संयुक्त रूप से मकान का निर्माण किया गया। मेरे पिता जी का निधन दिनांक 28-12-2019 को लखनऊ में हो गया। जिसके उपरान्त उपरोक्त पैतृक मकान में मेरे पिता के आधे भाग में मेरी माता डॉ० श्रीमती शारदा श्रीवास्तव, मेरे बड़े भाई श्री राहुल श्रीवास्तव, मेरी बड़ी बहन श्रीमती नम्रता मोहन तथा प्रार्थी प्रत्येक को 1/8 अंश उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ। पारिवारिक आवश्यकतावश मेरे परिवार के उपरोक्त सदस्यगण उपरोक्त पैतृक मकान को श्रीमती सुनीता पत्नी चन्द्रशेखर निवासिनी- 17 मातापुरा को कुल मु०- 4,550,000/-रु० विक्रय मूल्य पर विक्रय करना चाहते हैं। उपरोक्त पैतृक मकान में प्रार्थी को उत्तराधिकार में प्राप्त अविभाजित 1/8 अंश का उपरोक्त मूल्यांकन के अनुसार मूल्य मु०-568,750/-रु० होता है। प्रार्थी भी पारिवारिक आवश्यकतावश अपने पैतृक मकान में उत्तराधिकार में प्राप्त अपने 1/8 अंश को श्रीमती सुनीता पत्नी चन्द्रशेखर निवासिनी- 17 मातापुरा के पक्ष में विक्रय करना चाहता है।

अतः श्रीमान् जी से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी के पैतृक मकान स्थित मोहल्ला हजारीपुरा उरई जनपद जालौन में प्रार्थी को उत्तराधिकार में प्राप्त अविभाजित 1/8 अंश (विक्रय मूल्य-568,750/ रु०) को विक्रय किये जाने के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु प्रार्थनापत्र को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

महान कृपा होगी।

सादर।

भवदीय,

दिनांक-19-08-2021 [illegible] 334/ XL [illegible], [illegible], 19-8-21 [illegible] 19-8-2021 [illegible]

(हस्ताक्षर) 19.8.2021

(हिमांशु दयाल श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
(एफ०टी०सी०-प्रथम), सिद्धार्थनगर।
आई०डी०नं०-यू०पी० 1552

संलग्नकः-

1- छायाप्रति अनुबन्ध पत्र।
2- छायाप्रति मृत्यु प्रमाण पत्र।
3- छायाप्रति बैनामा पैतृक मकान बहक स्व० डॉ० हरगोविन्द श्रीवास्तव तथा डॉ० श्रीमती शारदा श्रीवास्तव।
4- छायाप्रति पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र।